भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
पाक्षिक समाचार

# सम्पर्क

खण्ड –XXVI अंक–18 30 सितम्बर, 2021

**वेदाविनाशिनं नित्यं य एनमजमव्ययम्। कथं स पुरुषः पार्थ कं घातयति हन्ति कम्।।**

हे पृथापुत्र अर्जुन ! जो पुरुष इस आत्मा को नाशरहित, नित्य, अजन्मा और अव्यय जानता है, वह पुरुष कैसे किसको मरवाता है और कैसे किसको मारता है।

**श्रीमद्भगवद्गीता 2/21**

## स्वागत

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2021/349571 दिनांक 3.9.2021 के अनुसार **प्रो. सतीश कुमार दुबे** ने 1.9.2021 से संस्थान के सेंस (SeNSE) में सातवें वेतन आयोग के लेवल–13A2 में सह प्रोफेसर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/353902 दिनांक 16.9.2021 के अनुसार **प्रो. सुमिताश जेना** ने 15.9.2021 से संस्थान के मानविकी एवं समाज विज्ञान विभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल–12 में सहायक प्रोफेसर ग्रेड–I के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IES/U-3/2021/351787 दिनांक 10.9.2021 के अनुसार **प्रो. हुसैन कांचवाला** ने 1.9.2021 से संस्थान के कार्ट (CART) में सातवें वेतन आयोग के लेवल–12 में सहायक प्रोफेसर ग्रेड–I के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. हुसैन कांचवाला को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन लेवल 13A1 प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो, के लिए) संस्थान द्वारा प्रायोजित 'युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IES/U-5/2021/350565 दिनांक 7.9.2021 के अनुसार **प्रो. श्रीहरि संकरासर्मा वेमूरि** ने 31.8.2021 से संस्थान के अनुप्रयुक्त यांत्रिक विभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल–12 में सहायक प्रोफेसर ग्रेड–I के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. श्रीहरि संकरासर्मा वेमूरि को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन लेवल 13A1 प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो, के लिए) संस्थान द्वारा प्रायोजित 'युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2021/353290 दिनांक 15.9.2021 के अनुसार **प्रो. जैक्स जिआकोमोनी** ने 1.9.2021 से संस्थान के गणित विभाग में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2021/347160 दिनांक 26.8.2021 के अनुसार **डॉ. (सुश्री) पौलोमी डे** ने 23.8.2021 से संस्थान के कुसुमा जैव विज्ञान स्कूल में पोस्ट डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-5/2021/350546 दिनांक 7.9.2021 के अनुसार **डॉ. दिलीप कुमार मैती** ने 2.9.2021 से संस्थान के अनुप्रयुक्त यांत्रिक विभाग में पोस्ट डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2021/350760 दिनांक 8.9.2021 के अनुसार **डॉ. (सुश्री) सोनिका ढिल्लो** ने 7.9.2021 से संस्थान के गणित विभाग में पोस्ट डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2021/355914 दिनांक 23.9.2021 के अनुसार **डॉ. (सुश्री) भूमिका रॉय** ने 22.9.2021 से संस्थान के कुसुमा जैव विज्ञान स्कूल में पोस्ट डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/Estt.II/ 2021/352309 दिनांक 13.9.2021 के अनुसार **सुश्री आकृति आस्था** ने 27.8.2021 से संस्थान में एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर सातवें वेतन आयोग के लेवल–10 में सहायक छात्र परामर्शदाता के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग– II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2021/352501 दिनांक 13.9.2021 के अनुसार **श्री कृपा शंकर त्रिपाठी** ने 3.9.2021 से संस्थान में प्रतिनियुक्ति आधार पर तीन वर्ष की अवधि के लिए सातवें वेतन आयोग के लेवल–11 में कार्यपालक अभियन्ता के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग– I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IES1/2021/354283 दिनांक 20.9.2021 के अनुसार **श्री मोहित गर्ग** ने 17.9.2021 को संस्थान में केन्द्रीय पुस्तकालय में सातवें वेतन आयोग के लेवल–10 में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

## पुनर्नियुक्ति

- **प्रो. सुशील** (प्रबंध अध्ययन विभाग) को संस्थान संविधि के पैरा 13 (2) के अनुसार वर्तमान शैक्षिक सत्र के अंत तक अर्थात् 30.6.2022 तक के लिए प्रबंध अध्ययन विभाग में प्रोफेसर के रूप में पुनर्नियुक्ति किया गया है।

## त्यागपत्र स्वीकृत

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI-/U-4/34941 दिनांक 3.9.2021 के अनुसार **प्रो. प्रतोष ए.पी.,** सहायक प्रोफेसर ग्रेड–I (विद्युत इंजीनियरी विभाग) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था, जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 18.9.2021 से स्वीकार कर लिया है। अतः प्रो. प्रतोष को 18.9.2021 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।
- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI-/U-3/2021/352940 दिनांक 14.9.2021 के अनुसार **डॉ. (सुश्री) सृष्टि जैन,** पोस्ट– डॉक्टरल फेलो (वायुमण्डलीय विज्ञान केन्द्र) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था, जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 24.9.2021 से स्वीकार कर लिया है। अतः प्रो. (सुश्री) सृष्टि जैन को 24.9.2021 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।
- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-I/2021/347918 दिनांक 27.8.2021 के अनुसार **डॉ. अरुण शर्मा,** पोस्ट–डॉक्टरल फेलो (रसायन विज्ञान विभाग) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था, जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 31.8.2021 से स्वीकार कर लिया है। अतः प्रो. अरुण शर्मा को 31.8.2021 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।
- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2021/349419 दिनांक 3.9.2021 के अनुसार **डॉ. गौतम एच.जी.,** पोस्ट–डॉक्टरल फेलो (ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 18.8.2021 से स्वीकार कर लिया है। अतः प्रो. गौतम एच.जी. को 18.8.2021 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।
- स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/Estt.-2/2021/352564 दिनांक 13.9.2021 के अनुसार **श्री विपन कुमार,** वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक (केन्द्रीय कार्यशाला) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 26.7.2021 से स्वीकार कर लिया है। अतः श्री विपन कुमार को 26.7.2021 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।
- स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/Estt.-2/2021/355638 दिनांक 22.9.2021 के अनुसार **श्री विवेक कुमार,** कनिष्ठ सहायक (कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 27.9.2021 से स्वीकार कर लिया है। अतः श्री विवेक कुमार को 27.9.2021 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।

### श्री विजय कुमार भारज

- स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/Estt.-2/2021/352750 दिनांक 14.9.2021 के अनुसार श्री विजय कुमार भारज, सहायक कार्यपालक अभियन्ता (सिविल) को सीमित विभागीय परीक्षा (LDE) के अन्तर्गत परीक्षा उर्त्तीण करने पर लेवल–11 में कार्यपालक अभियन्ता के रूप में नियुक्त किया गया है।

### श्री नरेन्द्र कुमार

- सम्पर्क अधिकारी (अनु.जाति/अनु. जन. जाति) कार्यालय से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/LSCT/2021/354446 दिनांक 20.9.2021 के अनुसार श्री नरेन्द्र कुमार (विद्युत इंजीनियरी विभाग) भा.प्रौ.सं. दिल्ली अनु.जाति/अनु.जन. जाति कर्मचारी कल्याण संघ के महासचिव को भा.प्रौ.सं. रुड़की में 26 अगस्त, 2021 को आयोजित 27वीं समन्वयन समिति ने अखिल भा.प्रौ. संस्थानों के अनु. जाति/अनु.जन. जाति कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया है।

## बधाई (पुरस्कार)

कुलसचिव कार्यालय से प्राप्त विज्ञप्ति संख्याः IITD/E-2/2021/AREG/342102 तथा संख्या IITD/E-2/2021/AREG/342100 दिनांक 6.8.2021 के अनुसार निम्नलिखित स्टाफ सदस्यों को वर्ष 2020 का ''श्री रामऋषि सिंह एवं श्रीमती मालती सिंह स्मृति स्टॉफ नगद पुरस्कार''; ''उत्कृष्ट कर्मचारी पुरस्कार'' तथा ''संस्थान प्रोत्साहन पुरस्कार'' दिया गया।

### ''श्री राम ऋषि सिंह एवं श्रीमती मालती सिंह स्मृति स्टाफ नगद अवार्ड 2020''

| क्र.सं | कर्मचारी का नाम/पदनाम | कर्मचारी कोड संख्या | विभाग/केन्द्र/अनुभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री विकास खटकर<br>कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक | 27032 | वस्त्र एवं रेशा इंजीनियरी |
| 2. | श्री अमित कुमार<br>वरिष्ठ सहायक | 26671 | सिविल इंजीनियरी |

पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को मिमेन्टों व प्रशस्ति पत्र के साथ 36000/–रु. (छत्तीस हजार रुपए मात्र) (समेकित राशि)–15 अगस्त, 2021 को प्रदान की गई।

## "उत्कृष्ट कर्मचारी पुरस्कार 2020"

| क्र.सं | कर्मचारी का नाम / पदनाम | कर्मचारी कोड संख्या | विभाग / केन्द्र / अनुभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती डिंपल हिंदवानी<br>कनिष्ठ अधीक्षक | 25512 | रसायन विज्ञान |

पुरस्कार प्राप्तकर्ता को मिमेन्टों व प्रशस्ति पत्र के साथ 24000/–रु. (चौबीस हजार रुपए मात्र)– 15 अगस्त, 2021 को प्रदान की गई।

## "संस्थान प्रोत्साहन पुरस्कार 2020"

| क्र.सं | कर्मचारी का नाम / पदनाम | कर्मचारी कोड संख्या | विभाग / केन्द्र / अनुभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री नरूगोपाल कुल्ली<br>कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक | 26863 | रसायन विज्ञान |
| 2. | श्री विजय कुमार<br>कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक | 26855 | भौतिकी |
| 3. | श्री सोमवीर<br>कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक | 27005 | भौतिकी |
| 4. | श्रीमती सुषमा वत्स<br>अधीक्षक | 25809 | निदेशक कार्यालय |
| 5. | श्री राकेश कुमार गर्ग<br>अधीक्षक | 25840 | अनुप्रयुक्त यांत्रिकी |
| 6. | श्री रजनीश अग्रवाल<br>कनिष्ठ लेखा अधिकारी | 26904 | लेखा परीक्षा |
| 7. | श्री संतोष कुमार<br>मैस प्रबन्धक | 27058 | हिमाद्री छात्रावास |
| 8. | सुश्री प्रीति परिहार<br>कनिष्ठ सहायक (लेखा) | 27061 | लेखा |
| 9. | श्री नरेंद्र कुमार<br>कनिष्ठ सहायक | 27108 | विद्युत इंजीनियरी |

पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को मिमेन्टों व प्रशस्ति पत्र के साथ 12000/–रु. (बारह हजार रुपए मात्र) (समेकित राशि)–15 अगस्त, 2021 को प्रदान की गई।

## बधाई (पदोन्नति)

स्थापना अनुभाग–1 से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार निम्नलिखित संकाय सदस्यों को उनके नाम के आगे दिए गए पद के लिए चयनित / पदोन्नत किया गया है–

| क्र.सं. | संकाय सदस्य का नाम | पिछला पदनाम | नया पदनाम | विभाग / केन्द्र | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. समर हुसैन | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | मानविकी एवं समाज विज्ञान | 1,39,600–2,11,300 (लेवल 13ए2) |
| 2. | प्रो. अर्जुन घोष | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | मानविकी एवं समाज विज्ञान | 1,59,100–2,20,200 (लेवल 14ए) |
| 3. | प्रो. (सुश्री) सुचि सिन्हा | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | प्रबंध अध्ययन | 1,39,600–2,11,300 (लेवल 13ए2) |
| 4. | प्रो. रवि प्रकाश सिंह | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | रसायन विज्ञान | 1,59,100–2,20,200 (लेवल 14ए) |
| 5. | प्रो. पिंटू दास | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | भौतिकी | 1,39,600–2,11,300 (लेवल 13ए2) |
| 6. | प्रो. राहुल सुरेश मराठे | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | भौतिकी | 1,39,600–2,11,300 (लेवल 13ए2) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | प्रो. भास्कर कंसेरी | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | भौतिकी | 1,39,600–2,11,300 (लेवल 13ए2) |
| 8. | प्रो. (सुश्री) जोयी घोष | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | भौतिकी | 1,39,600–2,11,300 (लेवल 13ए2) |

## सेवानिवृत्तियाँ

संस्थान के निम्नलिखित संकाय एवं स्टाफ सदस्य अधिवर्षिता की आयु होने पर 30 सितम्बर, 2021 को अपराह्न में संस्थान से सेवानिवृत्त हो रहे हैं :–

**प्रो. सुशील, प्रोफेसर, प्रबंध अध्ययन विभाग**



**प्रो. सुशील** ने 10 मार्च, 1983 को संस्थान में एस.एस.ओ.–II के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। 4 जनवरी, 1984 में आपको लेक्चरर, 19 अप्रैल, 1988 को सहायक प्रोफेसर, 1 अप्रैल, 1991 को सह प्रोफेसर एवं 13 जनवरी, 1994 में आपको प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया।

प्रो. सुशील प्रबन्ध अध्ययन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली में अब्दुल अजीज अलसागर चेयर प्रोफेसर (प्लानिंग फ्लैक्सिबल सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट) है। आपने भा.प्रौ.सं. दिल्ली में उपनिदेशक (प्रचालन) एवं संकायाध्यक्ष (संकाय) के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की।

आपने कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों जैसे मोन्टपेलियर बिजनेस स्कूल, फ्रांस; क्योओ विश्वविद्यालय टोक्यो; मिनेसोटा विश्वविद्यालय, मिनियापोलिस; एम.एन. स्टीवन्स इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एन.जे; लेथब्रिज विश्वविद्यालय, अल्बर्टा; यूनिवर्सिटी पेरिस 1 पेंथयन–सोरबोन, पेरिस आदि में सेमिनार दिए हैं। आप एक सक्रिय शोधकर्ता हैं और आपने 70 से अधिक डॉक्टरल शोध–प्रबन्धों का पर्यवेक्षण किया है। लचीलापन, स्ट्रेटजी, सिस्टम थिंकिंग तथा प्रौद्योगिकी प्रबन्धन में 20 पुस्तकों तथा विभिन्न सन्दर्भित जर्नल तथा सम्मेलनों में 300 से अधिक पेपर्स का श्रेय आपको जाता है। आप ग्लोबल जर्नल ऑफ फ्लैक्सिबल सिस्टम मैनेजमेन्ट के प्रमुख संस्थापक सम्पादक है तथा प्रतिष्ठित अन्तरराष्ट्रीय पत्रिकाओं के सम्पादकीय बोर्डों में कार्यरत हैं। आप स्प्रिंगर द्वारा प्रकाशित फ्लैक्सिबल सिस्टम मैनेजमेन्ट पर पुस्तक शृंखला के सम्पादक रहे हैं।

आपने ''फ्लैक्सिबल सिस्टम मैनेजमेन्ट'' के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है तथा SAP-LAP मॉडल्स/लिंकेज, कुल व्याख्यात्मक संरचनात्मक मॉडलिंग और व्याख्यात्मक रैकिंग प्रक्रिया के ज्ञान क्षेत्र में मूल योगदान दिया है। आपने निरन्तरता एवं परिवर्तन को प्रबंधित करने के लिए नीतिगत लचीलेपन में 'फ्लोइंग स्ट्रीम स्ट्रेटजी'' की अवधारणा एवं रूपरेखा विकसित की है। आपने निरन्तर संगठनात्मक जीवन शक्ति (LIFE) के लिए मंत्र तथा नीतिगत प्रदर्शन प्रबन्धन (फ्लैक्सिबल स्ट्रेटजी गेम–कार्ड) सतत उद्यम (स्टार मॉडल) तथा नीति निष्पादन (4Aमॉडल) के लिए मॉडल भी प्रदान किए हैं। आपने आर.आई.एन.एल., एच.एस.सी.सी. तथा रिवर इंजीनियरी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्य किया है।

आपने सरकारी तथा औद्योगिक संगठन दोनों के लिए सलाहकार के रूप में काम किया है इनमें से कुछ हैं–बिल–ऐन्ड मेलिंडा गेट्स फाउन्डेशॅन, फोर्ड फाउन्डेशॅन, APCTT, यू.एन., रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) , विप्रो इन्फोटेक, एल.जी. इलैक्ट्रोनिक्स, रॉकवाल इन्टरनेशॅनल, टाटा कन्सल्टेन्सी सेवाएं, जेम्स मार्टिन ऐन्ड कम्पनी, गैस अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड, सोना कोयो स्टीरिंग सिस्टम, एन.बी.सी.सी. तथा डी.जी.एस. ऐन्ड डी.। आप वृत्तिक निकाय, ''ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ फ्लैक्सिबल सिस्टम मैनेजमेन्ट'' के संस्थापक अध्यक्ष हैं। आपको ए.जी.बी.ए. फेलो, 2014 (अकादमी फॉर ग्लोबल बिजनेस एडवान्समेन्ट, USA द्वारा) सम्मानित किया गया।

हिन्दी कक्ष को आपका भरपूर सहयोग मिला। सौम्य स्वभाव के प्रो. सुशील अपने संकाय साथियों, विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय संकाय रहे हैं।

**श्री रामचन्द्र (26205) कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक, यांत्रिक इंजीनियरी विभाग**



**श्री रामचन्द्र** ने 3 अक्टूबर, 1985 को कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया था। 1 नवम्बर, 1993 को आर. ऐन्ड सी.डी.एस. के अन्तर्गत आपको वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में नियुक्त किया गया। 1 मई, 1998 को आर.सी.पी.एस. के अन्तर्गत आपको प्रयोगशाला सहायक के रूप में मैप किया गया तथा 1 नवम्बर, 2005 में इसी योजना के अन्तर्गत आपको कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक के रूप में पदोन्नत किया गया। 3 अक्टूबर, 2015 को एम.ए.सी.पी. के अर्न्तगत उन्नयन दिया गया। 5 नवम्बर, 2016 को आर. ऐन्ड पी. आर.एस. के अन्तर्गत आपको लेवल–8 में उन्नयन दिया गया। मृदु स्वभाव के श्री रामचन्द्र एक कर्मठ एवं मेहनती कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक रहे हैं।

**श्रीमती पुष्प लता शांडिल्य (25490), कनिष्ठ अधीक्षक, जैव चिकित्सा इंजीनियरी केन्द्र**



**श्रीमती पुष्प लता शांडिल्य** ने 29 जनवरी, 1987 को अवर श्रेणी लिपिक के रूप में संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया था। 1 फरवरी, 1995 में आर. ऐन्ड सी.डी.एस. के अन्तर्गत आपको प्रवर श्रेणी लिपिक के रूप में चयनित किया गया। 1 मई, 1998 को आर.सी.पी.एस. के अन्तर्गत आपको वरिष्ठ सहायक के रूप में मैप किया गया तथा 1 फरवरी, 2007 को आर.सी.पी.एस. के अन्तर्गत आपको कनिष्ठ अधीक्षक के रूप में पदोन्नत किया गया। 29 जनवरी, 2017 को एम.ए.सी.पी. के अर्न्तगत आपको कनिष्ठ अधीक्षक के रूप में पदोन्नत किया गया। श्रीमती पुष्प लता शांडिल्य मेहनती एवं कर्मठ कनिष्ठ अधीक्षक रही हैं।

संस्थान समुदाय उपरोक्त संकाय एवं स्टाफ सदस्यों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके एवं उनके परिवार के लिए सुख, समृद्धि एवं शांतिमय जीवन की कामना करता है।

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 1772, 7144, 1242

*मुद्रकः* सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली। ई–मेलः sagarprinters@gmail.com